भारतीय प्रशासन के सेवा के भूतपूर्व अधिकारियों के विरुद्ध अपने घोषित स्रोतों की सीमा से अधिक धन सम्पत्ति जमा करने के आरोप में न्यायालयों में मामले

8032. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा के उन भूतपूर्व अधिकारियों की संख्या कितनी है जिनके विरुद्ध अपने घोषित स्रोतों की सीमा से अधिक धन सम्पत्ति जमा करने के आरोप में गत दो वर्षों के दौरान न्यायालयों में मामले चलाये गये हैं,

(ख) ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों में इस समय निर्णयाधीन पडे मामलों की संख्या कितनी है, और

(ग) उक्त अवधि के दौरान उपरोक्त कितने भूतपूर्व अधिकारियों को न्यायालयों द्वारा दंडित किया गया ?

गृह मंत्रालय तथा कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) से (ग) राज्य सरकारों से सूचना एकत्रित की जा रही है तथा सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

केरल राज्य में भूमिगत हुए पाकिस्तानी राष्ट्रिकों की संख्या

8033. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या 31 मार्च, 1972 को केरल से भूमिगत 209 पाकिस्तानी राष्ट्रिकों में से कितनों को खोज निकाला गया है, और उनमें से कितनों को निर्वासित किया गया है, और उनमें से कितनों को निर्वासित किया गया है, और

(ख) भूमिगत होने वाले राष्ट्रिकों की मिला कर संख्या क्या है ?

गृह मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) और (ख). सूचना एकत्रित की जा रही है तथा सदन के पटल पर रख दी जायगी ।

अंतरिक्ष विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन

8034 **श्री आर० वी० बड़े** : क्या अंतरिक्ष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या अंतरिक्ष विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है,

(ख) यदि हां, तो उसके सदस्य कौन-कौन हैं; और

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण है ?

प्रधान मंत्री, परमाणु ऊर्जा मंत्री, इलैक्ट्रानिक्स मंत्री, सूचना और प्रसारण मंत्री तथा अंतरिक्ष मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी हां ।

(ख) समिति के सदस्य निम्नलिखित हैं :

(1)	संयुक्त सचिव, अंतरिक्ष विभाग	अध्यक्ष
(2)	विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम के निदेशक का एक प्रतिनिधि .	सदस्य
(3)	उप-निदेशक (प्रशासन), भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद	सदस्य
(4)	अवर सचिव, अंतरिक्ष विभाग .	सदस्य